Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 08-03-2007

Participants : Munshiram Shri

Title: Need to provide incentive over and above Statutory Minimum Price of Sugarcane to the farmers of Uttar Pradesh.

श्री मुंशी राम (बिजनौर) : अध्यक्ष महोदय, भारत में सबसे अधिक चीनी उत्पन्न करने में जिला बिजनौर प्रथम स्थान रखता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, मेरठ, आगरा मण्डल आते हैं। वर्ा 2005-06 में निर्धारित मूल्य से रूपये 13 प्रति क्विंटल अधिक प्र ोत्साहन राशि के रूप में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों को उत्तर प्रदेश सरकार ने देने की घोाणा की थी। उसमें एक शर्त यह रखी गयी थी कि जो चीनी मिल लाभ में है, वह किसानों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान अवश्य करेगी। मुरादाबाद मण्डल को पश्चिम में रखकर मध्य में बताकर मुरादाबाद मण्डल के किसानों का भुगतान रोक दिया गया है। मुरादाबाद मण्डल में प्राइवेट मिलों ने रू0 13 का अतिरिक्त भुगतान भी किया है, परन्तु जिला बिजनौर में जहां सहकारी मिल तथा दो निगम की मिलें हैं, नजीबाबाद मिल 22 करोड़, बिजनौर 16 करोड तथा चांदपुर 14 करोड़ के लाभ में है। ये मिलें भुगतान करने में सक्षम थी। किसान सहकारी चीनी मिल की प्रबंध कमेटी की 13 रूपये प्रोत्साहन राशि भुगतान करने का प्रस्ताव पारित कर किसानों की भावनाओं से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, गन्ना आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रबंधक निदेशक, उततर प्रदेश चीनी मिल संघ लखनऊ को प्रोत्साहन राशि भुगतान करने का प्रस्ताव भेज दिया था। इसके पश्चात मेरे द्वारा भी उत्तर प्रदेश सरकार से लिखित में यह मांग की गयी थी। लेकिन अभी तक किसानों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया है।

मैं इस सदन के माध्यम से मांग करता हूं कि किसानों को उनके उत्पादन का सही मूल्य अतिशीघ्र दिलाया जाये, जिससे गन्ना उत्पादन करने वाले किसान निराश न हो।